झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड वन क्षेत्र पदाधिकारी नियुक्ति परीक्षा के संबंध में संशोधित आवश्यक सूचना।

झारखण्ड वन सेवा के **वन क्षेत्र पदाधिकारी** के **कुल–170** पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने के निमित्त **विज्ञापन संख्या–04/2024** का प्रकाशन दिनांक–25.07.2024 को किया गया था। विज्ञापन के विरूद्ध पूर्व निर्गत ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु निर्धारित तिथि में निम्नवत् **संशोधन** किये जाते हैं:–

1. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु तिथि एवं अन्य निदेश निम्नांकित है:–**

1.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–30.08.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–02.09.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
3.	प्रारंभिक परीक्षा की संभावित तिथि	दिनांक–22.09.2024 (पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 12:00 बजे तक)

2. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भांती अध्ययन कर लेंगे।

3. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No.- +919431301636, +919431301419 पर कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 से अपराह्न–5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।